


वैक्सीनेशन के बाद भी
मास्क बहुत जरूरी

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज




WASH YOUR HAND
FREQUENTLY
WITH SOAP AND WATER

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-2 • 09 JUNE TO 15 JUNE 2021 • VOLUME-45 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863




Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184


INNOVATIVE
TECHNO
INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY
✓ WORK
✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD




E-mail : ankush@innovativetechin.com • hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply

# पंजाब सांसदों ने की कैप्टन से मुलाकात

### साल 2022 के मतदान की रणनीति पर विचार-विमर्श किया, कहा- 'मुख्यमंत्री के नेतृत्व पर पूरा भरोसा'



**• चंडीगढ़.ब्यूरो**

पंजाब सांसदों ने आज मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह के साथ मुलाकात की और कहा कि उनको कैप्टन अमरिन्दर सिंह के नेतृत्व और पंजाब के प्रति उनकी सुचारू सोच पर पूरा विश्वास है और सरकार की तरफ से पंजाब निवासियों के लिए चल रहे मौजूदा विकास एजेंडों के साथ साल 2022 के पंजाब विधान सभा मतदान में कांग्रेस पार्टी शानदार जीत हासिल करेगी। आज यहाँ जारी एक बयान में पटियाला से सांसद परनीत कौर, खडूर साहिब से सांसद जसबीर सिंह गिल, जालंधर से सांसद संतोख सिंह चैधरी, फतेहगढ़ साहिब से सांसद डा. अमर सिंह और फरीदकोट से सांसद मुहम्मद सदीक जोकि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह को मिलने आए थे, ने कहा कि वह यहां अगले साल होने वाले विधान सभा मतदान के लिए रणनीति सम्बन्धी विचार-विमर्श करने आए थे और पंजाब निवासी सिर्फ और सिर्फ कैप्टन अमरिन्दर सिंह को ही अगली बार अपना मुख्यमंत्री देखना चाहते हैं।

पंजाब सांसदों ने कहा कि अगले विधान सभा मतदान में पंजाब में कांग्रेस के बराबर अन्य कोई नहीं है और पंजाबी एक बार फिर से कैप्टन अमरिन्दर सिंह के नेतृत्व और सुचारू सोच पर अपनी मोहर लगाएंगे और उनको साल 2022 में भारी वोटों के साथ जीताएंगे। कोई भी ऐसा नहीं है जो कैप्टन अमरिन्दर सिंह के अच्छे शासन प्रबंधन के रिकार्ड, प्रशासनिक तजुर्बे और महारत के आस-पास भी हो और उनके इसी तजुर्बे की जरूरत पंजाब को इस कठिन समय में कोविड के खिलाफ लड़ाई और पंजाब की आर्थिक हालत को फिर से सुरजीत करने के लिए है।

सांसदों ने आगे कहा कि अगामी मतदान कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर लड़ेगी। कैप्टन अमरिन्दर सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के प्रमुख प्रोग्रामों और नीतियों को जमीनी स्तर पर और ज्यादा सुचारू ढंग से लागू किया जायेगा।

### किसान संघों से बातचीत को सरकार तैयार

## कृषि मंत्री तोमर ने कहा- कृषि कानूनों में कहां आपत्ति है बताएं

**नई दिल्ली.** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को कहा कि सरकार विरोध कर रहे किसानों के साथ बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, लेकिन उन्होंने किसान संगठनों से तीनों कृषि कानूनों के प्रावधानों में कहां आपत्ति है ठोस तर्क के साथ अपनी बात बताने को कहा है। सरकार और यूनियनों ने गतिरोध खत्म करने और किसानों के विरोध प्रदर्शन को समाप्त करने के लिए 11 दौर की बातचीत की है, जिसमें आखिरी वार्ता 22 जनवरी को हुई थी। 26 जनवरी को किसानों के विरोध प्रदर्शन में एक ट्रैक्टर रैली के दौरान व्यापक हिंसा के बाद बातचीत रुक गई थी।



तीन कृषि कानूनों के विरोध में छह महीने से अधिक समय से दिल्ली की सीमाओं पर हजारों किसान डेरा डाले हुए हैं, जो मुख्यत: पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हैं। इन किसानों को आशंका है कि नये कृषि कानूनों के अमल में आने से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की सरकारी खरीद समाप्त हो जाएगी।

## कांग्रेस को झटका, जितिन प्रसाद भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली.** लंबे समय से कांग्रेस से नाराज चल रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री और युवा नेता जितिन प्रसाद ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले इसे भाजपा के लिए फायदे और कांग्रेस के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और भाजपा सांसद अनिल बलूनी की मौजूदगी में प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। शाह ने प्रसाद का भाजपा में स्वागत किया और कहा कि उनके पार्टी में शामिल होने से उत्तर प्रदेश में भाजपा को और मजबूती मिलेगी।

## कोविड वैक्सीन की कीमतें तय करने में केंद्र सरकार ने निर्णय बहुत देरी से लिया

**चंडीगढ़.** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने कहा कि निजी अस्पताल में कोविड टीकों की कीमतों को तय करने का केंद्र सरकार का फ़ैसला बिना सूझबूझ से और बहुत देरी से लिया गया है।



सिद्धू ने कहा कि यह फ़ैसला उस समय लिया गया जब निजी अस्पतालों ने टीकाकरण के ज़रिये पहले ही भारी लाभ कमा लिया है, जबकि भाजपा नेताओं ने झूठे दोष लगाए हैं कि पंजाब सरकार निजी अस्पतालों को टीके सप्लाई करके लाभ कमा रही है। केंद्र सरकार द्वारा टीकों की सारी खरीद को अपने दायरे में लेने के ताज़ा फ़ैसले पर प्रतिक्रिया ज़ाहिर करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों के पास ख़रीद के लिए भारत सरकार की तरह एकाधिकारी नहीं है, जो देश की समूह आबादी के लिए उपयुक्त कीमत पर टीकों की ख़रीद के लिए बातचीत के द्वारा समझौता कर सकतीं हैं क्योंकि भारत सरकार कोविशील्ड वैक्सीन 150 रुपए प्रति डोज़ के हिसाब से प्राप्त कर रही थी, जबकि राज्य सरकार को इसके लिए जी.एस.टी. समेत 315 रुपए अदा करने पड़ रहे थे।

## 18-21 साल के वोटरों की रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष अभियान

**जालंधर.** विधान सभा मतदान -2022 चलते युवा वर्ग (18 -21 साल के आयु ग्रुप) की अधिक से अधिक वोटर रजिस्ट्रेशन करने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी, पंजाब, चण्डीगढ़ की तरफ से विशेष अभियान चलाया गया है, जिसके अंतर्गत कोई भी नागरिक, जिसकी आयु 1 जनवरी 2021 को 18 या इससे अधिक है और जिसका नाम वोटर सूची में दर्ज नहीं हुआ है, अपनी वोट बनाने के लिए अपना दावा फार्म -6 भर सकता है।

# दो मोस्ट वॉन्टेड नशा तस्कर ढेर

**चंडीगढ़.** मोस्ट वांटेड नशा तस्कर और गैंगस्टर जयपाल सिंह भुल्लर पुत्र भुपिन्दर सिंह निवासी फिरोज़पुर और जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी पुत्र रविन्दर सिंह निवासी खरड़, एस.ए.एस. नगर, जिनके सिर पर क्रमवार 10 लाख और 5 लाख रुपए का इनाम था, को कोलकाता की एस.टी.एफ. पुलिस ने आज तब मार गिराया जब पुलिस पार्टी द्वारा उनके अपार्टमेंट पर रेड की गई और उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलियां चला दीं।

डीजीपी पंजाब दिनकर गुप्ता ने प्रैस कॉन्फ्रेस को संबोधन करते हुए कहा कि गैंगस्टर से नशा तस्कर बने दोनों मुलज़िम 15 मई की शाम को जगराओं की अनाज मंडी में जगराओं पुलिस के दो ए.एस.आईज़ भगवान सिंह और दलविन्दरजीत सिंह की हत्या के मामले में वांछित थे। ज़िक्रयोग्य है कि जयपाल ने इससे पहले 10 मई, 2021 की शाम को दोराहा के नज़दीक जी.टी. रोड पर एक नाके पर तैनात खन्ना पुलिस के ए.एस.आई. सुखदेव सिंह के पास से 9 एम.एम. की पिस्तौल छीन ली थी।



जसप्रीत सिंह



जयपाल भुल्लर

इस सम्बन्ध में पंजाब पुलिस ने पहले दर्शन सिंह और बलजिन्दर सिंह उर्फ बब्बी को 28 मई, 2021 को ग्वालियर से गिरफ्तार किया था। डीजीपी ने बताया कि जयपाल भुल्लर व जसप्रीत सिंह को काबू करने के लिए ऑपरेशन-जैक मैनहंट नामी ऑपरेशन कोड चलाया था।

## पंजाब में तबादलों/तैनातियों पर 20 जून तक मुकम्मल रोक

**चंडीगढ़.** पंजाब सरकार द्वारा तबादलों/तैनातियों पर 20 जून तक मुकम्मल रोक लगा दी गई है। पर्सोनल विभाग द्वारा 30-04-2021 को पंजाब राज्य के विभागों/संस्थाओं में सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों के आम तबादलों और तैनातियों का समय 31-05-2021 तक रखा गया था। उन्होंने आगे बताया कि 27-05-2021 को एक और पत्र के द्वारा कोविड की स्थिति के मद्देनजर तबादलों/तैनातियों पर तारीख़ 05-06-2021 तक रोक लगाई गई थी।




# एनएच-44 पर इंडियन ऑयल के आसपास अवैध रूप से खड़े ट्रक दे रहे हैं हादसों को न्यौता

**• जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्टर

जहां जालंधर शहर के अंदर नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी करने पर वाहन चालकों की गाड़ी को टो करके उनसे भारी-भरकम जुर्माना वसूला जाता है जिससे कि शहर के अंदर गलत पार्क हुई गाड़ी के कारण जाम की स्थिति न पैदा हो और किसी भी तरह की दुर्घटना होने का खतरा भी कम हो सके।




देखने में आया है कि जालंधर-पानीपत मार्ग एनएच-44 पर इंडियन ऑयल के बाहर व आसपास अवैध रूप से हाईवे और सर्विस लेन के ऊपर खड़े ट्रक सड़क पर चल रहे टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर वाहन चालकों के लिए हादसे का कारण बन सकते हैं।

जिक्र योग्य है कि जालंधर-पानीपत मार्ग सिक्स लेन होने के बावजूद बीच में कहीं-कहीं फोर लेन हो जाता है और हाईवे पर दूसरे राज्य से 90 की स्पीड पर आ रहे वाहन चालकों को इस बारे बिल्कुल जानकारी नहीं होती है। जिससे या तो वह किसी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं या किसी वाहन के दुर्घटना होने के कारण उन्हें लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है। ऐसे में अगर सैंकड़ों की तादाद में इंडियन आयल के बाहर अवैध रूप से खड़े ट्रकों को समय रहते हटाया न गया तो न जाने कौन कब इन अवैध रूप से खड़े ट्रकों के साथ दुर्घटनाग्रस्त होने से अपने घर के किसी बहुमूल्य व्यक्ति को गवां बैठे। ऐसे हादसे से हुई मौत की जिम्मेवारी कौन लेगा। अगर दुर्घटनाओं के आंकड़े खंगाले तो ऐसे कई हादसे रिपोर्ट्स में दर्ज मिलेंगे।

गौरतलब है कि हाईवे पर किसी तरह भी अवैध रूप से पार्किंग न हो इसकी जिम्मेवारी या तो हाईवे की पेट्रोलिंग टीम की होती है या जालंधर कमिश्नरेट पुलिस के ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की।

अब देखना होगा क्या हाईवे की पेट्रोलिंग टीम और जालंधर पुलिस का ट्रैफिक विभाग इन अवैध रूप से की जा रही पार्किंग को हटा पाएगा या हमेशा की तरह किसी न किसी दबाव के कारण उन्हें पीछे हटना पड़ेगा।





**जालंधर ब्रीज सरोकार**

अक्सर लोग अपनी गाड़ियों को पार्क करते समय ऐसा सोचते हैं क्या फर्क पड़ता है लेकिन इस कारण हादसे में अगर किसी की जान चली जाए...उन परिवारों के बारे में कम से कम एक बार जरूर सोचे... क्योंकि फर्क तो पड़ता है...






• जालंधर-पानीपत मार्ग एनएच-44 पर अवैध रूप से इंडियन ऑयल के बाहर सैकड़ों के तादाद में खड़े वाहन। फोटो : रवि

# शादी के बाद क्यों बदलती है जिंदगी?

**शादी के बाद आपको इस बदलाव का सामना करना पड़ता है। आप अब तक जिस जगह पर रह रही थीं उसे छोड़कर किसी नई जगह पर शिफ्ट होना आपके लिए उत्साहित करने वाला भी हो सकता है तो बहुत से लोग इस बदलाव से परेशान भी हो सकते हैं।**



फोटो साभार bestlifeonline.com



• **जालंधर ब्रीज.** रिपोर्टर

शादी जिंदगी का एक अहम रिश्ता होता है। इसके जरिए आपको ढ़ेर सारा प्यार और नए रिश्ते मिलते हैं। शादी और भी कई चीजों से जुड़ी होती है जो आपके जीवन में कई तरह के बदलाव लाती है। ऐसी बहुत सी चीजे हैं जिन्हें आप शादी के बिना अनुभव नहीं कर सकती हैं। जब आप शादी के बंधन में बंध रही होती हैं तो आप एक नई जीवनशैली के साथ भी जुड़ रही होती हैं। शादी के बाद शुरुआत में आपकी जीवनशैली की बहुत सी चीजें बदल सकती है।

### 1. आपको कुछ आदतों को छोड़ना पड़ता है

शादी से पहले हो सकता है काफी देर रात तक दोस्तों के साथ मस्ती करना, उनसे बात करना आपकी दिनचर्या का एक अहम हिस्सा हो, लेकिन शादी के बाद हो सकता है आपका पार्टनर आपको इन सभी चीजों की अनुमति ना दे, ऐसे में आपको इन चीजों की कुर्बानी देनी पड़ सकती है।

### 2. आपको एक नई जगह पर रहना होता है

शादी के बाद आपको इस बदलाव का सामना करना पड़ता है। आप अब तक जिस जगह पर रह रही थीं उसे छोड़कर किसी नई जगह पर शिफ्ट होना आपके लिए उत्साहित करने वाला भी हो सकता है तो बहुत से लोग इस बदलाव से परेशान भी हो सकते हैं। जैसे महिलाओं को अपने परिवार को छोड़कर अपना कमरा छोड़कर आपको एक नए घर में शिफ्ट होना पड़ता है।

### 3. आपको हर रोज एक इंसान की बातें सुननी होंगी

ऑफिस से आने के बाद आप थक जाती हैं और आराम करना चाहती हैं लेकिन अगर आप शादीशुदा हैं तो आपको अपने साथी को समय देना भी जरुरी है। जिस तरह आप शादी से पहले औफिस से आकर अपने कमरे में जाकर आराम करती थीं उस तरह की जीवनशैली शादी के बाद बदल जाती है। अब आपको अपने साथी की दिन भर की बातें सुनने के लिए समय देना भी जरुरी हो जाता है।

### 4. आपको अपनी नौकरी भी छोड़नी पड़ सकती है

मान लीजिए कि आपके साथी को किसी दूसरे शहर में नौकरी मिली है और उनकी आय आपके परिवार की सबसे बड़ी वित्तीय शक्ति है तो आप क्या करेंगी। इस मोड़ पर आपको अपना नौकरी छोड़नी पड़ सकती है। इस तरह के बदलाव भी शादी के बाद आप अनुभव कर सकती हैं।

# एलोवेरा के इस्तेमाल से जल्दी बढ़ेंगे व घने होंगे आपके बाल

**एलोवेरा के इस्तेमाल से बालों की लंबाई बढ़ाना संभव है। ऐसा इसलिए क्योंकि एलोवेरा जेल में मौजूद एमिनो एसिड और एन्जाइम्स हेयर ग्रोथ को बढ़ाने में काफी मदद करते हैं।**



फोटो साभार healthifyme.com

• **जालंधर ब्रीज.** ब्यूटी रिपोर्टर

लंबे बालों की चाहत रखने वाली महिलाएं इस बात से वाकिफ होंगी कि लंबे, मजबूत और चमकदार बाल इतना आसान काम नहीं है। लेकिन एलोवेरा के इस्तेमाल से बालों की लंबाई बढ़ाना संभव है। ऐसा इसलिए क्योंकि एलोवेरा जेल में मौजूद एमिनो एसिड और एन्जाइम्स हेयर ग्रोथ को बढ़ाने में काफी मदद करते हैं। ये हेयर फौल की समस्या में भी राहत देते हैं और बालों के वौल्यूम को भी बनाए रखने का काम करते हैं। एलोवेरा में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी फंगल प्रोपर्टी भी पाई जाती है जो डैंड्रफ से निपटने में कारगर है। आज हम एलोवेरा से जुड़ी कुछ ऐसी रेसिपी लेकर आए हैं जो आपके बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मदद करेंगे।

### एलोवेरा जेल और शहद

**सामग्री :** 5 चम्मच एलोवेरा जेल, 3 चम्मच नारियल का तेल, 2 चम्मच शहद।

**कैसे तैयार करें :** एक बाउल में एलोवेरा जेल, नारियल का तेल और कच्चा शहद लें। इन सभी सामग्री को अच्छे से मिक्स करें। इसे अपने स्कैल्प पर लगाएं और कुछ मिनटों के लिए मसाज करें। अब अपने बालों को शावर कैप से ढक लें और तकरीबन 25 मिनट के लिए छोड़ दें। अब सल्फेट फ्री शैम्पू और कंडीशनर से अपना सिर धो लें।

### एलोवेरा जेल और कोकोनट मिल्क

**सामग्री :** 4 चम्मच एलोवेरा जेल, 4 चम्मच कोकोनट मिल्क, 1 चम्मच कोकोनट औयल।

**कैसे तैयार करें :** एक साफ बाउल लें और उसमें एलोवेरा जेल, नारियल का दूध और नारियल का तेल डालें। सभी सामग्री को अच्छे से मिक्स करें। अब इस मिश्रण को अपने बालों में लगाएं। आप इस बात का ध्यान रखें कि ये मिश्रण आप जड़ों से लेकर पूरे बालों में लगाएं। एक घंटे तक इंतजार करें ताकि आपके स्कैल्प द्वारा ये अब्सार्ब हो जाये और फिर किसी सौम्य शैम्पू से इसे धो लें।

### एलोवेरा जेल और प्याज का रस

**सामग्री :** 1 चम्मच एलोवेरा जेल, 1 कप प्याज का रस।

**कैसे तैयार करें :** सबसे पहले दो से तीन बड़े प्याज को छोटे छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इसे ब्लेंड करके पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को एक बाउल में निकाल लें और उसमें एलोवेरा जेल डालें। इसे अपने स्कैल्प में लगाएं और एक घंटे तक इंतजार करें। अब आप अपने बालों को शैम्पू से धो लें।



# कोविड-19 के कारण बच्चों के चल रहे हैं ऑनलाइन क्लास तो रखें कुछ बातों का ध्यान

**बच्चों के ऑनलाइन क्लासेस में कोई परेशानी नहीं आए इसके लिए कुछ आईडिया..**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर रिपोर्टर



फोटो साभार learningliftoff.com

कोरोना महामारी के खतरे को देखते हुए पिछले एक साल से बच्चों के स्कूल बंद है। जिससे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे ऐसे में सरकार के जारी नोटिस के आधार पर पिछले कुछ समय से स्कूल और ट्यूशन टीचर द्वारा ऑनलाइन क्लास स्टार्ट हो गया है। बच्चे घर पर अपने मम्मी-पापा के मोबाइल, लैपटॉप या फिर डेस्कटॉप पर पढ़ाई कर रहे हैं। अधिकतर बच्चे ऑनलाइन क्लासेस से खुश है, क्यूंकि उनको कुछ दिन पहले मोबाइल, लैपटॉप या डेस्कटॉप जो कभी मम्मी-पापा द्वारा छूने को नहीं मिल रहा था, आज क्लास के लिए मिल रहा है, लेकिन इस सब के बाद भी बच्चों के ऑनलाइन क्लासेस को सही बनाने के लिए पैरेंट्स को भी कुछ बातों पर ध्यान देने की ज़रूरत है। बच्चों के ऑनलाइन क्लासेस में कोई परेशानी नहीं आए इसके लिए कुछ आईडिया...

### 1. ऑनलाइन क्लास के लिए एक अलग रूम तैयार करें

कोरोना संक्रमण के कारण बच्चों के क्लासेस ऑनलाइन हो गए, ऐसे में ऑनलाइन क्लास के लिए सबसे ज़रूर है कि बच्चे लिए एक ऐसा रूम या फिर जगह तैयार करे जहां वो शांति से पढ़ाई कर सके। कभी-कभी क्या होता है कि बच्चे को हम ऐसी जगह क्लास के लिए बैठा देते हैं जहां घर के कई सदस्य आते-जाते रहते हैं। इससे बच्चे का ध्यान भटक जाता है और फिर पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं। इलसिए सबसे पहले बच्चे की ऑनलाइन क्लासेस के लिए एक शांत जगह का चुनाव ज़रूर करें।

### 2. क्लासेस के ब्रेक में जाकर मिलें

ऑनलाइन क्लासेज में एक क्लास लगभग 30 से 45 मिनट का होता है। 30 से 45 मिनट के क्लास के बाद दस मिनट का ब्रेक ज़रूर होता है। इस ब्रेक के दौरान बच्चे से जाकर ज़रूर मिले और उसे प्रोत्साहित ज़रूर करें। उनसे ये भी पूछे कि कुछ चाहिए तो नहीं या कोई दिक्कत तो नहीं? सब ठीक है ना? ऐसे सवाल पूछने से बच्चे में सकारात्मक सोच बनी रहती है।

### 3. नेट स्पीड पर खास ध्यान रखें

बच्चों के ऑनलाइन क्लासेज शुरू होने से पहले ही आप यह देख ले की मोबाइल, लैपटॉप या फिर डेस्कटॉप में जो नेट चल रहा है वो ठीक से काम कर रहा है की नहीं कई बार नेट प्रॉब्लम होने से बच्चे की पढ़ाई में रुकावट की वजह बन जाती है। ये भी ध्यान दें कि जिस जगह बच्चा क्लास लें रहा है उस जगह नेटवर्क या नेट चलने में कोई दिक्कत तो नहीं हो रही।

क्लासेस के समय वीडियो गेम, सोशल मीडिया से दूरी बना के रखे

ऑनलाइन क्लास करते समय बच्चे कई बार कुछ टाइम मिला नहीं कि मोबाइल, लैपटॉप या डेस्कटॉप के दूसरे पेज में वीडियो गेम, सोशल मीडिया या कुछ और देखने या खेलने लगते हैं। इसलिए बच्चों के क्लास के दौरान इन बातों का भी ध्यान रखें ताकि बच्चे अच्छे से पढाई कर सकें।

# इंसान के व्यवहार पर असर डाल रहे सोशल मीडिया चैनल




• **जालंधर ब्रीज.** नालेज रिपोर्टर

मौजूदा समय में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से शायद ही कोई अनजान हो। सोशल मीडिया इंसान के निजी जीवन से लेकर सामाजिक और आर्थिक जीवन में भी अहम किरदार अदा करने लगा है। सोशल मीडिया से कैसे इंसान का व्यवहार बदलता है और कैसे उसको बिजनस एवं करियर के अवसर में बदला जा सकता है, इस बारे में बता रहे हैं फाइनैंस के एक्सपर्ट...

सोशल मीडिया इंसान के व्यवहार को बदलने वाले प्लैटफॉर्म के तौर पर उभर रहा है। इसका सही उपयोग भी किया जा सकता है और दुरुपयोग भी संभव है। किसी के बारे में गलत छवि बनाने, चुनाव गलत तरीके से जीतने आदि में भी सोशल मीडिया चैनल खासतौर पर ट्विटर अहम भूमिका निभा सकता है। अमेरिका का साल 2016 में हुआ राष्ट्रपति चुनाव इसका स्पष्ट उदाहरण है। दूसरी तरफ ट्विटर ने अहम सामाजिक मुद्दों को भी उठाने में भी अपनी उपयोगिता साबित की है। जैसे कि #MeToo मूवमेंट को सोशल मीडिया से काफी ताकत मिली है।

### बिजनस में कैसे अहम भूमिका निभाता है सोशल मीडिया?

सोशल मीडिया पर रोजाना बड़ी संख्या में टेक्स्ट डेटा जेनरेट होता है। कंपनियां इन डेटा का इस्तेमाल उपभोक्ताओं के व्यवहार का अध्ययन करने के लिए करती हैं। इनका विश्लेषण किया जाता है और विश्लेषण की कई तकनीकों का इस्तेमाल करके कंपनियां और संगठन अपने लक्षित ग्राहक, उनके व्यवहार, उत्पाद आदि के बारे में जानकारी जुटाते हैं। सोशल मीडिया से जमा हुए डेटा का विश्लेषण करने वाली तकनीकों में सेंटिमेंट ऐनालिसिस, टॉपिक मॉडलिंग, स्टॉक मार्केट की भविष्यवाणी, ग्राहकों पर प्रभाव, न्यू ऐनालिटिक्स, सोशल नेटवर्क ऐनालिसिस, कस्टमर सर्विस आदि अहम हैं। उदाहरण के लिए सेंटिमेंट ऐनालिसिस का इस्तेमाल करके उपभोक्ताओं के व्यवहार के बारे में कीमती जानकारी जुटाई जाती है। उदाहरण के लिए अगर आप किसी उत्पाद के बारे में नेगेटिव बात करते हैं तो दूसरे भावी ग्राहक उससे दूर भाग जाएंगे। इसका संबंधित उत्पाद और कंपनी पर बुरा असर पड़ेगा। इसी तरह से टॉपिक मॉडलिंग है। टॉपिक मॉडलिंग में सोशल मीडिया से उन टॉपिक का डेटा जुटाया जाता है, जिन पर सोशल मीडिया में चर्चा हो रही है। इसकी मदद से यह पता लगाया जाता है कि लोग सोशल मीडिया पर किस चीज के बारे में बात कर रहे हैं। फिर कंपनियां और संगठन उस हिसाब से अपनी रणनीति बनाते हैं।

### मार्केटिंग के लिए ट्विटर का इस्तेमाल?

मैं जिन रिसर्च प्रॉजेक्ट पर काम कर रहा हूं, उनमें से एक में बिजनस टू बिजनस के संदर्भ में ट्विटर के इस्तेमाल का अध्ययन करने से संबंधित है। इस स्टडी में इन्फर्मेशन और इनोवेशन की क्राउडसोर्शिंग के बारे में अध्ययन किया जाता है। इसमें यूरोप के छोटे और लघु उद्योगों द्वारा पोस्ट किए गए ट्वीट में जिन टॉपिकों पर चर्चा किया गया होता है, उनका विश्लेषण किया जाता है। इस विश्लेषण से पता चलता है कि इन्फर्मेशन और इनोवेशन के लिए किन टॉपिक पर चर्चा हो रही है।

यूटिलिटी न्यूज

## ड्राइविंग लाइसेंस को जल्द कराना होगा आधार कार्ड से लिंक, वरना होगी परेशानी




**नई दिल्ली.** अब ड्राइविंग लाइसेंस को आधार कार्ड से लिंक करना अनिवार्य हो गया है। सरकार का कहना है कि इस फैसले से ड्राइविंग लाइसेंस डुप्लीकेसी के मामलों पर लगाम लग पाएगी, जिससे लोगों को बड़ा फायदा होगा। ऐसे में अगर आप भी आधार को ड्राइविंग लाइसेंस से लिंक करवाने के बारे में सोच रहे हैं तो हम बता रहे हैं कि इसे लिंक करना काफी आसान है।

### सबसे पहले करना होगा ये काम

ड्राइविंग लाइसेंस को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए आपको सबसे पहले अपने राज्य की परिवहन विभाग की वेबसाइट https://parivahan.gov.in पर जाना होगा। इसके बाद आपको 'Link Aadhaar' के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। फिर आपको ड्रॉप-डाउन में जाकर 'Driving Licence' के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। यहां आपसे ड्राइविंग लाइसेंस का नंबर मांगा जाएगा। वो नंबर दर्ज कर दें।

### ओटीपी डालते ही लिंक हो जाएगा आधार

नंबर दर्ज करने के बाद आपको 'Get Details' के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। फिर आपको अपना आधार नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। इसके बाद आपको 'Submit' के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के जरिए एक ओटीपी आएगा। यह ओटीपी दर्ज करते ही आपकी आधार को ड्राइविंग लाइसेंस से लिंक करने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके अलावा अब ड्राइविंग लाइसेंस के सत्यापन के लिए भी इसे आधार कार्ड जरूरी हो गया है। इसके लिए आपको अपने नजदीकी आरटीओ आफिस में विजिट करना होगा। बताते चलें कि देश में कोरोना महामारी के प्रकोप को देखते हुए कई दिनों से ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े सभी काम बंद कर दिए गए थे। अभी देश में कोरोना के मामलों में आई कमी को देखते हुए कई राज्यों में फिर से ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े काम शुरू कर दिए गए हैं।

## व्हाट्सएप के इस फीचर्स से सीक्रेट मैसेज ऑटोमेटिक हो जाएंगे डिलीट

**नई दिल्ली.** व्हाट्सएप की अगर बात करें तो ये आज के समय में सोशल मीडिया का सबसे अहम हिस्सा बन गया है। व्हाट्सएप पर आए दिन कोई न कोई नए फीचर्स एड होते ही रहते हैं। अब



तक आप व्हाट्सएप्प के हर प्रकार के फीचर्स के बारे में जानते होंगे। लेकिन फिर भी कुछ फीचर्स ऐसे भी हैं जिससे बहुत से लोग अनजान हैं। व्हाट्सएप के कुछ ऐसे ही खास फीचर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिनसे आमतौर पर सभी लोग अनजान हैं। व्हाट्सएप के इस फीचर की मदद से आप अपनी पर्सनल चैट को सीक्रेट रख सकते हैं। तो चलिए अब इस फीचर्स के बारे में विस्तार से चर्चा करते हैं...

यह तो आप भी जानते हैं कि व्हाट्सएप्प अभी हाल ही में अपनी नई प्राइवेसी पॉलिसी के चलते इसका विश्वास यूजर्स पर से खत्म होने लगा था। बड़ी संख्या में लोगों ने इसे नपसंद भी किया था। लेकिन इन सब के बावजूद इस इस्टैंट मैसेजिंग ऐप ने कई अच्छे फीचर्स जारी किए हैं। चलिए व्हाट्सएप्प के खास फीचर्स के बारे में जानते हैं जो सीक्रेट चैटिंग में मददगार होगें।

**व्हाट्सएप्प पर सीक्रेट चैटिंग :** सबसे पहले तो आप यह जान लें कि सीक्रेट चैटिंग का क्या मतलब होता है तो हम आपको बतादें कि आपके मैसेज कोई और न देख पाए इसे ही सीक्रेट मैसेज कहते हैं। इसके लिए या तो आप आर्काइव चैट का ऑप्शन चुनते हैं या उन मैसेज को डिलीट कर देते हैं। लेकिन क्या आप डिस्पेरिंग फीचर्स का इस्तेमाल करते हैं। व्हाट्सएप का ये फीचर्स अपने आप कुछ दिनों बाद मैसेज को डिलीट कर देता है। इसे एक्टिव करने के लिए सेटिंग में जाकर एक्टिवेट करना होगा। इसके लिए आप जिसकी चैट डिलीट करना चाहते हैं, उसकी चैट ओपन करें। उसमें प्रोफाइल पिक्चर पर दिए गए नाम पर क्लिक करें। इसके बाद 'डिस्पेरिंग' मैसेज का विकल्प चुने और उसे ऑन कर दें। ऐसा करने पर उस चैट में भेजा गया मैसेज सात दिनों के बाद अपने आप डिलीट हो जाएगा।

### सीक्रेट पिन का करें इस्तेमाल

आपका व्हाट्सएप किसी दूसरे मोबाइल में भी ओपन रहता है और आपको कानों कान खबर भी नहीं होती इसे रोकने के लिए आप अपने एप्प में पिन का इस्तेमाल करें। इसके लिए व्हाट्सएप को ओपन करें और सेटिंग में जाएं। वहां आपको अकाउंट पर क्लिक करना होगा। इसके बाद सिक्योरिटी पर क्लिक करें। अब टू-स्टेप वेरिफिकेशन पर जाएं। इसके बाद अपना पिन सेट करें अगर कोई आपका अकाउंट दूसरे फोन में लॉगइन करेगा तो उसे पिन की जरूरत होगी ऐसे में बिना पिन डाले वह आपका व्हाट्सएप्प किसी दूसरी जगह ओपन नहीं कर सकता है।

## ऑडियो चैट एप्प क्लबहाउस क्यों है औरों से अलग?

**नई दिल्ली.** कुछ दिन से आपने क्लबहाउस का नाम काफी सुना होगा। आखिर क्या है ये? क्यों इसकी इतनी चर्चा हो रही है? तो चलिए आपको बता दें कि पॉप्यूलर ऑडियो बेस्ड सोशल एप्प क्लबहाउस अब एंड्रॉयड डिवाइस के लिए भी उपलब्ध है। जी हां, यह एक ऑडियो चैट पर आधारित सोशल नेटवर्किंग एप्प है,



जो कि मार्च 2020 में आईफोन यूज़र्स के लिए लॉन्च किया गया था। इसके बाद से ही ये काफी पॉप्यूलर हो गया था। हालांकि, पिछले साल के मुताबिक इस साल कम लोगों ने इसे डाउनलोड किया है। एलन मस्क, मार्क ज़करबर्ग, ओप्रा विंफ्रे, आदि जैसे दिग्गज लोग भी इस एप्प को करते हैं यूज़।

### क्या है क्लबहाउस एप्प?

यह एक ऑडियो-चैट पर आधारित सोशल नेटवर्किंग एप्प है। एंड्रॉयड यूज़र्स इसे अपने स्मार्टफोन के लिए गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही, यह केवल एक इनवाइट एप्प है, जिसका मतलब है कि सभी लोग इसे यूज़ नहीं कर सकते हैं। केवल वही लोग यह एप्प इस्तेमाल कर सकते हैं, जिन्हें इस एप्प का इनवाइट मिला है। इस एप्प का इस्तेमाल खास तौर पर ऑडियो सुनने के लिए होता है जहां आप कोई टॉपिक पर चर्चा या कोई इंटरव्यू सुन सकते हैं या बातचीत कर सकते हैं। ज्वाइन करने के बाद आपको इसमें अपने इंटरेस्ट का टॉपिक चुनना होता है। इसमें बुक्स, टेक, बिज़नेस, हेल्थ जैसे कई विषय शामिल होते हैं। आपके टॉपिक के आधार पर आपको चैट रूम रिकमेंड होता है।

# आखिर क्या है ट्विटर पर ब्लू टिक फीचर जानिए पाने और हटाने का नियम

• नई दिल्ली.ब्यूरो

बहुचर्चित माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर द्वारा उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू के ट्विटर अकाउंट से ब्लू टिक वेरिफिकेशन को हटाना चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर बवाल मचा हुआ है। एक तरफ लोग जहां ट्विटर के इस फैसले को शर्मनाक बताकर निंदा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ट्विटर ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन आरएसएस के कई बड़े नेताओं के ट्विटर अकाउंट से भी ब्लू टिक हटा दिया और इस कारण से एक बार फिर केंद्र सरकार और ट्विटर के बीच विवाद बढ़ने की संभावना है। जिन आरएसएस नेताओं के ट्विटर अकाउंट से ब्लू टिक फीचर हटाया गया है, उनमें कृष्ण गोपाल, सुरेश सोनी, सुरेश जोशी और अरुण कुमार आदि शामिल हैं। इस तमाम विवाद के बीच हर कोई यह भी जानना चाहता है कि आखिर ट्विटर का ब्लू टिक फीचर है क्या और इसे पाने और हटाने का नियम क्या है।




### यूजर्स को ऐसे मिलता है ब्लू टिक

>> ट्विटर पर वेरिफिकेशन वैज पाने के लिए सबसे पहले यूजर्स को अप्लाई करना होता है। इसके लिए ट्विटर यूजर के सेटिंग्स में जाकर रिक्वेस्ट वेरिफिकेशन बटन पर क्लिक करना होता है।

>> रिक्वेस्ट वेरिफिकेशन बटन पर क्लिक करने के बाद यूजर्स को यह चुनना होता है कि आप ब्लू टिक की दी जाने वाली किस कैटेगरी में आते हैं।

>> फिर यूजर्स को अपनी पहचान बताने के लिए सरकार की तरफ से दिया हुआ कोई आईडी कार्ड, दफ्तर से मिला हुआ ईमेल ऐड्रेस या फिर उस अधिकारिक वेबसाइट का लिंक देना होगा जो ट्विटर अकाउंट की पुष्टि करती हो।

### इन नियमों का करना होगा पालन

>> ट्विटर ने सरकार, कंपनी, ब्रांड्स और संगठन, न्यूज संगठन और पत्रकार, मनोरंजन, स्पोर्ट्स और गेमिंग ऐक्टिविस्ट, ऑर्गनाइजर्स और अन्य प्रभावशाली व्यक्ति जैसी कैटेगरी बनाई हैं। ब्लू टिक पाने के लिए यूजर्स को दी गई कैटेगरी में फिट होना जरूरी है।

>> यूजर्स का अकाउंट आर्थेंटिक होना चाहिए और साथ ही एक्टिव भी होना चाहिए। एक्टिव होने का तकनीकी भाषा में यह अर्थ है कि इसे हीते 6 महीनों से लगातार उपयोग कर रहे हों और बीते 1 साल में ट्विटर के नियम भंग करने के लिए बैन न किया गया हो।

>> यदि यूजर्स का आवेदन मंजूर हुआ तो ट्विटर पर आपके नाम के आगे ब्लू टिक लग जाएगा वरना फिर 30 दिन के बाद फिर से वेरिफिकेशन के लिए अप्लाई करना होता है।

इन नियमों के उल्लंघन पर हटता है ब्लू टिक

>> यदि आपका ट्विटर अकाउंट लंबे समय से एक्टिव नहीं है तो ब्लू टिक हट जाता है।

>> ट्विटर की पॉलिसी में लिखा है कि वह नोटिस दिए बिना आपके अकाउंट से ब्लू टिक वेरिफिकेशन को हटा सकती है।

>> यदि सरकारी पद पर रहने के दौरान अकाउंट वेरिफाई किया गया है तो पद से हटने के बाद वेरिफिकेशन को हटा दिया जाता है या हटाया जा सकता है।

>> ट्विटर अकाउंट से बार-बार यदि नियमों का उल्लंघन होता है तो आपके अकाउंट से ब्लू टिक को हटाया जा सकता है।

>> बार डिस्प्ले नेम, बायो और प्रोफाइल फोटो बदलकर लोगों को गुमराह करने पर भी अकाउंट से ब्लू टिक हटा दिया जाता है।

## एपीवाई स्कीम : रोजाना 7 रुपये की इन्वेस्टमेंट से हर महीने होगी 5000 की सेविंग, टैक्स में भी मिलेगी छूट

**अटल पेंशन योजना में रोजाना 7 रुपये की इन्वेस्टमेंट कर आप हर महीने 5000 रुपये की पेंशन के हकदार बन सकते हैं। ये पैसा 60 साल की उम्र के बाद मिलना शुरू होता है।**

• नई दिल्ली.ब्यूरो



रोजाना 7 रुपये की इन्वेस्टमेंट कर आप हर महीने 5000 रुपये की सेविंग कर सकते हैं। जी हां, केंद्र की इस योजना से अभी तक लाखों-करोड़ों लोग जुड़ चुके हैं। इस योजना से जुड़कर ना सिर्फ आपका फ्यूचर सिक्योर होगा, बल्कि आप पेंशन के भी हकदार बन जाएंगे। आइए जानते हैं कि आप इस योजना से कैसे जुड़ सकते हैं, और इससे आपको क्या-क्या फायदे होंगे?

### *अटल पेंशन योजना में करें निवेश*

इस योजना का नाम अटल पेंशन योजना है, जिसे सरकार की तरफ से वर्ष 2015 में शुरू किया गया था। इसका मकसद असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले 18 से 40 साल की उम्र वाले लोगों का भविष्य सुरक्षित करते हुए रिटायरमेंट के बाद पेंशन का लाभ देना है। हालांकि इसके योजना से जुड़ने के लिए आपका भारतीय नागरिक होना, और किसी बैंक या फिर पोस्ट ऑफिस में अकाउंट, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर होना बेहद जरूरी है।

### *इन्वेस्टमेंट के अनुसार हर महीने मिलेगी पेंशन*

नियम के अनुसार, इस स्कीम में जमा कराया गया पैसा आपको 60 साल की उम्र के बाद पेंशन के रूप में मिलना शुरू हो जाता है। पेंशन की रकम 1000 रुपये, 2000 रुपये, 3000 रुपये, 4000 रुपये और अधिक से अधिक 5,000 रुपये तक हो सकती है। पेंशन का पैसा आपके इन्वेस्टमेंट पर डिपेंड करता है। मसलन, अगर आप 5000 रुपये की मंथली पेंशन चाहते हैं तो आपको प्रति महीने 210 रुपये जमा करने होंगे। इसका मतलब रोजाना आपका 7 रुपए बैठते हैं। वहीं 1000 रुपए की मासिक पेंशन के लिए प्रति महीने केवल 42 रुपये, 2000 रुपये की पेंशन के लिए 84 रुपये, 3000 रुपये के लिए 126 रुपये और 4000 रुपये मासिक पेंशन के लिए हर महीने 168 रुपये जमा करने होते हैं।

### *टैक्सपेयर्स को भी इस तरह होगा बड़ा फायदा*

अटल पेंशन योजना से जुड़ने वाले सभी टैक्सपेयर्स को इनकम टैक्स एक्ट 80c के तहत 1.5 लाख रुपये तक का टैक्स बेनिफिट मिलता है। इसमें से सब्सक्राइबर के टैक्सेबल इनकम को घटा दिया जाता है। इसके अलावा स्पेशल मामलों में 50,000 रुपये तक का अतिरिक्त टैक्स बेनिफिट मिलता है। इस तरह इस योजना में 2 लाख रुपये तक का डिडक्शन मिलता है।

### *समय से पहले मृत्यु पर पत्नी को मिलेगी पेंशन*

इस योजना में आपका पूरा पैसा सुरक्षित है। अगर किसी व्यक्ति ने अटल पेंशन योजना में अपना रजिस्ट्रेशन कराया है और पेंशन शुरू होने से पहले उसकी मौत हो जाती है तो उसकी पत्नी डिफॉल्ट रूप से नॉमिनी बन जाती है। यानी पत्नी को योजना के सारे फायदे मिलते हैं। सरल शब्दों में कहें तो आपकी पेंशन आपकी पत्नी को मिलनी शुरू हो जाती है। पत्नी के जीवित नहीं होने की स्थिति में सब्सक्राइबर ने जिसे नॉमिनी बनाया है, उसे इसके लिए तय कार्प्स का फायदा मिलता है।

## भारतीयों के बारे में आपत्तिजनक ट्वीट करने वाले कंपनी अधिकारी को हुई तीन हफ्ते की जेल

**सिंगापुर.** सिंगापुर की एक सॉफ्टवेयर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी को मंगलवार को तीन हफ्ते जेल की सजा सुनाई गई। इस अधिकारी ने पिछले वर्ष अप्रैल माह में नस्ली ट्वीट किए थे जिनमें उसने भारतीयों तथा कोविड-19 को लेकर भारतीय प्रवासियों की निंदा की थी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह कहा गया। चैनल न्यूज एशिया की खबर के मुताबिक, जैनल अबिदीन शैफुल बहारी ने दो आरोपों को स्वीकार कर लिया है जिनमें सिंगापुर में भिन्न नस्ली समूहों के बीच सौहार्द्र को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधि को अंजाम देना शामिल है। सजा देते वक्त ऐसे ही दो अन्य आरोपों पर भी विचार किया गया।

अप्रैल 2020 में पुलिस को शिकायत मिली थी कि एक व्यक्ति ने ट्वीट करके कोविड-19 को लेकर भारतीय प्रवासियों की आलोचना की है। यह ट्विटर अकाउंट जैनल का था। जैनल के वकील



ने दावा किया कि उनका मुवक्किल ''नस्लवादी'' नहीं है और मजाक करने के दौरान उसने सीमा पार कर दी। जैनल ने मार्च से अप्रैल 2020 के बीच आपत्तिजनक ट्वीट किए थे। जिला न्यायाधीश एस. जेनिफर मैरी ने कहा कि नस्ल और धर्म संवेदनशील मुद्दे हैं और लोगों को यह ज्ञात होना चाहिए कि लापरवाही से की गई टिप्पणियों से सामाजिक व्यवस्था भंग हो सकती है।

उन्होंने कहा, ''और जब ऐसी टिप्पणियां इंटरनेट के माध्यम से की जाती हैं तो उनकी पहुंच बहुत अधिक होती है तथा इससे शांति और नस्ली सौहार्द्र को ऐसा नुकसान होने की आशंका रहती है जिसे सुधारा नहीं जा सकता।'' न्यायाधीश ने कहा कि लगातार चल रही वैश्विक महामारी के कारण नस्ली तनाव पहले ही बढ़ गया है और ऐसे में सख्त संदेश देने की जरूरत है। उन्होंने जैनल से कहा कि ट्वीट में जो इस्तेमाल की गई थी वह बहुत खराब थी।

## नाखून कुछ बदले बदले से लगें तो हो जाइए चौकन्ने! कहीं कोविड के कारण तो नहीं

**ब्रिटेन.** कोविड-19 के मुख्य लक्षण बुखार, खांसी, थकान और स्वाद तथा गंध के एहसास में कमी हैं। त्वचा में भी कोविड-19 के लक्षण देखे गए हैं। लेकिन शरीर का एक और हिस्सा है जहां वायरस का प्रभाव पड़ता है और वह हैं आपके नाखून। कोविड-19 संक्रमण के बाद, कुछ रोगियों के नाखूनों का रंग फीका पड़ जाता है या कई सप्ताह बाद उनका आकार बदलने लगता है-

इसे ''कोविड नाखून'' कहा जाता है। एक लक्षण नाखूनों के आधार पर लाल रंग की अर्ध-चंद्र की आकृति बनना है। ऐसा लगता है कि यह कोविड से जुड़ी नाखून की अन्य शिकायतों से पहले ही मौजूद था, रोगियों ने कोविड संक्रमण का पता लगने के दो सप्ताह से भी कम समय में इसे देखा है। कई मामले सामने आए हैं - लेकिन बहुत ज्यादा नहीं।


नाखून पर इस तरह की लाल अर्ध-चंद्र आकृति आम तौर पर दुर्लभ होती हैं, और पहले नाखून के आधार के इतने करीब नहीं देखी गई हैं। इसलिए इस आकृति का इस तरह दिखना विशेष रूप से कोविड-19 के संक्रमण का एक संकेत हो सकता है। नाखून पर यह अर्ध-चंद्र क्यों बनता है, इसका एक संभावित कारण वायरस से जुड़ी रक्त वाहिका में क्षति हो सकती है। या फिर यह वायरस के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के कारण हो सकता है जिससे रक्त के छोटे थक्के जमते हैं और नाखून का रंग फीका हो सकता है। रोगी यदि लक्षणमुक्त है तो महत्वपूर्ण रूप से, इन निशानों के बारे में चिंता करने की कोई बात नहीं है - हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि वे कितने समय तक रहते हैं। रिपोर्ट किए गए मामलों में यह कुछ में एक सप्ताह तो कुछ में चार सप्ताह रहे। शारीरिक तनाव के लक्षण कुछ रोगियों ने अपने हाथों और पैरों की उंगलियों के नाखूनों के आधार में नए अलग तरह की रेखाएं भी देखीं जो अमूमन कोविड-19 संक्रमण के चार सप्ताह या उससे अधिक समय बाद दिखाई देती हैं।

## क्या माता-पिता की अनुमति के बिना नहीं खेल पाएंगे बैटलग्राउंड्स?

• **जालंधर ब्रीज.** ब्यूरो

पबजी के दीवाने भारत में बेसब्री से इसके रीलॉन्च का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, भारत में पबजी फिर से लॉन्च नहीं होगा पर कंपनी भारत के लिए नया गेम लॉन्च कर रही है, जो बहुत हद तक पबजी की तरह है। काफी समय पहले ही पबजी की निर्माता कंपनी क्रॉफ्टन यह ऐलान कर चुकी है कि जल्द ही भारत में बैटलग्राउंड्स इंडिया नाम का नया गेम लॉन्च करेगी। इसे खासतौर पर भारतीय खिलाड़ियों के लिए बनाया गया है। 20 मिलियन से ज्यादा लोग गूगल प्ले स्टोर में इस गेम को प्री-सब्सक्राइब कर चुके हैं।

बैटलग्राउंड्स इंडिया के ऐलान के बाद कई लोगों का कहना है कि यह गेम पबजी का ही दूसरा रूप होगा, पर ऐसा नहीं है। यह गेम पबजी से अलग होगा तभी इसे भारत में लॉन्ट करने की अनुमति मिलेगी। पबजी को पिछले साल भारत सरकार ने सुरक्षा कारणों से बैन कर दिया था। खबरों के अनुसार जून के तीसरे हफ्ते में यह गेम भारत में लॉन्च हो सकता है। यहां हम आपको इस गेम से जुड़ी पांच खास बातें बता रहे हैं।




• 18 साल से कम उम्र के सभी खिलाड़ी 3 घंटे से ज्यादा यह गेम नहीं खेल पाएंगे। उन पर और भी पाबंदियां होंगी।

### 1. 18 साल से कम उम्र के खिलाड़ियों को माता-पिता की अनुमति जरूरी

18 साल से कम उम्र के सभी खिलाड़ियों को बैटल ग्राउंड खेलने से पहले माता-पिता की अनुमति लेनी होगी। खुद क्रऑफ्टन कंपनी ने इस बात की जानकारी दी है।

### 2. 3 घंटे से ज्यादा नहीं खेल सकेंगे गेम

18 साल से कम उम्र के सभी खिलाड़ी 3 घंटे से ज्यादा यह गेम नहीं खेल पाएंगे। संभवतः छोटे बच्चों में पबजी की लत को देखते हुए क्रॉफ्टन ने यह फैसला लिया है।

### 3. छोटे बच्चों पर कई तरह की पाबंदियां होंगी

18 साल से कम उम्र के जो भी खिलाड़ी यह गेम खेलना चाहेंगे। उन्हें अपने माता-पिता के फोन से रजिस्ट्रेशन करना होगा। ऐसे में अगर माता-पिता को लगता है कि उनका बच्चा गेम खेलने में ज्यादा समय बर्बाद कर रहा है तो वो सीधे गेम के डेवलपर्स से संपर्क कर सकेंगे और अपने बच्चे का अकाउंट बंद करवा सकेंगे।

### 4. भारत और सिंगापुर में रहेगा पूरा डेटा

भारत सरकार ने पबजी जैसे 250 एप इसी वजह से बैन किए थे। इन सभी एप का डेटा किसी न किसी रूप में चीन सरकार के पास पहुंच रहा था या फिर सरकार के पास इन सभी के डेटा का एक्सेस था। इसी वजह से इस गेम का पूरा डेटा भारत और सिंगापुर में बने सर्वर में सेव किया जाएगा।

### 5. गेम में दिखेगा देशी तड़का

बैटलग्राउंड गेम खासतौर पर भारतीय खिलाड़ियों के लिए बनाया गया है। इसका इ-स्पोर्ट इकोसिस्टम पूरी तरह से पबजी से अलग है। इसी वजह से संभावना जताई जा रही है कि इसमें भारतीय लोगों और भारतीय कल्चर के हिसाब से इवेंट और मैप रखे जाएंगे।

### पंजाब में चिकित्सा शिक्षा को मिलेगा व्यापक प्रोत्साहन

# 1500 करोड़ रुपये की लागत से खुलेंगे 4 मेडिकल कॉलेज

## * मेडिकल कॉलेज, मोहाली की चारदीवारी की आधारशिला रखी
## * एम्स पर खर्च होंगे 375 करोड़ रूपए : ओपी सोनी

• **चंडीगढ़/एसएएस नगर.** ब्यूरो

पंजाब के चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान मंत्री ओपी सोनी ने कहा कि 1500 करोड़ की लागत से मोहाली, होशियारपुर, कपूरथला और मलेरकोटला में बनने जा रहे चार नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों के निर्माण से राज्य में चिकित्सा शिक्षा को व्यापक प्रोत्साहन मिलेगा।

डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसिस (एम्स) एसएएस नगर की चारदीवारी का शिलान्यास करने के बाद मीडिया से बात करते हुए चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने बताया कि इन सरकारी मेडिकल कॉलेजों के अस्तित्व में आने से पंजाब में जल्द ही प्रति वर्ष लगभग 500 अतिरिक्त डॉक्टर पास आउट होंगे जिससे राज्य में डॉक्टरों की कमी दूर होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पंजाब के मेडिकल कॉलेजों (निजी और सरकारी दोनों) में लगभग 1400 एमबीबीएस सीटें हैं, जो इन 4 मेडिकल कॉलेजों के खुलने से 500 और बढ़ जाएंगी। इन सभी कॉलेजों के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है, लेकिन एम्स मोहाली के पहले चालू होने की उम्मीद है क्योंकि यहां पहले से ही 300 बिस्तरों वाला अस्पताल मौजूद है जिसे मेडिकल कॉलेज से जोड़ने के लिए इसाका विस्तार करने की जरूरत है। मेडिकल कॉलेज के लिए 80 प्रतिशत फैकल्टी की भर्ती की जा चुकी है और पैरामेडिक्स और अन्य सहायक कर्मचारियों की भर्ती के लिए प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि एनएमसी निरीक्षण के लिए आवेदन कर दिया गया है और आशा है कि इस साल एमबीबीएस का पहला बैच शुरू हो जाएगा। बुनियादी ढांचे पर लगभग 325 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि हाईटेक उपकरणों पर 50 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे।

इस अवसर पर अन्यों के अलावा मोहाली के मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू, डिप्टी मेयर केएस बेदी, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य डी.के. तिवारी, निदेशक प्राचार्य डॉ भवनीत भारती, डीआरएमई डॉ सुजाता उपस्थित थे।



• डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसिस (एम्स) एसएएस नगर की चारदीवारी का शिलान्यास करने के बाद मीडिया से बात करते हुए चिकित्सा शिक्षा मंत्री। साथ हैं स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू व अन्य।

### दो कॉलेजों के लिए सलाहकारों को मंजूरी

इस बीच होशियारपुर और कपूरथला मेडिकल कॉलेजों के लिए भी सलाहकारों को मंजूरी दे दी गई है और डिजाइन की समीक्षा की जा रही है। पंजाब के चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान मंत्री ने बताया कि इन इमारतों के डिजाइन को अंतिम रूप देने के तुरंत बाद, इनके निर्माण के लिए भी टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया पंचायतों का धन्यवाद

स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने शिलान्यास समारोह के दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री के साथ मेडिकल कॉलेज के लिए 10 एकड़ से अधिक भूमि उपलब्ध करवाने के लिए भेलोलपुर और जुझारनगर पंचायतों को धन्यवाद दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रक्रिया को एक ऐतिहासिक घटना बताते हुए कहा कि लगभग चार दशकों के बाद राज्य में एक नया सरकारी मेडिकल कॉलेज बनने जा रहा है।उन्होंने कहा कि एम्स मोहाली के निर्माण से क्षेत्र के और अधिक विकास की भी शुरूआत होगी।

## कैदियों व स्टाफ के लिए कोविड से बचाव की वस्तुएं दान कीं

**चंडीगढ़.** कोविड महामारी के दौरान पंजाब की जेलों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 'राज विद्या केंद्र' द्वारा राज्य के कैदियों व विभिन्न जेलों में तैनात स्टाफ के लिए कोविड से बचाव की वस्तुएं दान की गई हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एन.जी.ओ. ने आज ए.डी.जी.पी. (जेलें) प्रवीन कुमार सिन्हा की मौजूदगी में 5000 मास्क, 500 एन-95 मास्क, 50 पी.पी.ई. किट्स, 300 जोड़ी दस्ताने, 200 फेस शील्ड्स व 100 लीटर सैनेटाइजर दान किए। यह एक ग़ैर-लाभकारी संगठन है, जिसने मानवता के कल्याण के लिए विश्व भर में अनेकों प्रोग्राम चलाए हैं, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य की मज़बूती के साथ आपदा प्रबंधन में सहायता शामिल है।

## कृषि ट्यूबवैल उपभोक्ताओं को प्रतिदिन 8 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध

• **जालंधर ब्रीज.**

मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह के दिशा-निर्देश अनुसार पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अपने 14 लाख कृषि ट्यूबवेल उपभोक्ताओं को आगामी धान सीजन के लिए 10 जून, 2021 से प्रतिदिन 8 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का वचन दिया है। ए वेणु प्रसाद, सीएमडी, पीएसपीसीएल ने आश्वासन दिया कि राज्य के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को 24 घंटे निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति प्रदान की जाएगी। सीएमडी ने कहा कि पीएसपीसीएल ने अपने कृषि ट्यूबवेल उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति के लिए पहले से ही अच्छी व्यवस्था की है। सीमा क्षेत्र के लिए फोन नंबर, (अमृतसर, तरन तारन, गुरदासपुर, पठानकोट) 96461-48883,96461-46400 दक्षिण क्षेत्र के लिए (पटियाला, संगरूर, बरनाला, रोपड़, मोहाली) फोन नंबर 96466-96300, 96461-85267 पश्चिम क्षेत्र के लिए (बठिंडा, फरीदकोट, मुक्तसर, फिरोजपुर, मोगा, मनसा, फाजिल्का) सेंट्रल जोन (लुधियाना, खन्ना, फतेहगढ़ साहिब) के लिए फोन नंबर 96461-22070, 96461-81129 और केंद्रीय शिकायत केंद्र के लिए फोन नंबर 96461-06835, 96461-06836 पीएसपीसीएल मुख्यालय, पटियाला।



## 'क्रिएटिव स्ट्रिम्ज़ में करियर के अवसर' विषय पर वेबीनार 16 को

**जालंधर.** कोविड -19 महामारी के चलते विद्यार्थियों के मन में पैदा हुई अंशकाओं को दूर करने के लिए नार्दन इंडिया इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नालॉजी (निफट), जालंधर की तरफ से विशेषज्ञों द्वारा क्रिएटिव लोगों को सही कैरियर के लिए मार्ग दर्शन देने के लिए क्रिएटिव स्ट्रिम्ज़ में करियर के अवसर विषय पर गूग्गल मीट प्लेटफार्म पर 16 जून 2021 को सुबह 11 बजे एक वेबीनार करवाया जा रहा है। डा. पूनम अग्रवाल प्रिंसिपल निफ़ट ने बताया कि वेबीनार का उद्देश्य टैक्स्टाईल, आर्ट, फैशन इंडस्ट्री, ग्राफिक डिजाइनिंग, फोटोग्राफी और फ़िल्म मेकिंग क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा क्रिएटिव लोगों को सही कैरियर की दिशा दिखाना है।

## गर्भवती औरतों के लिए स्क्रीनिंग कैंप प्रत्येक माह की 9 तारीख को : डॉ. रमन गुप्ता

**जालंधर ब्रीज.** स्वास्थ्य विभाग जहां कोविड-19 महामारी को नियंत्रित करने में सक्रिय है, वहीं स्वास्थ्य विभाग विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिला अस्पताल के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व अनुमंडल स्तर पर गर्भवती औरतों की विशेष जांच की गई।

जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रमन गुप्ता द्वारा पीएमएसएमए कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि हर माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है ताकि गर्भवती महिला की जांच किसी विशेषज्ञ द्वारा की जाए ताकि मां और बच्चे के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा सके और अगर किसी समस्या का पहले से पता चल जाए तो उसका समय पर इलाज किया जा सके।



## 26 किलोग्राम डोडे चूरा-पोस्त व ट्रक समेत कपूरथला के दो व्यक्ति गिरफ्तार

**जालंधर ब्रीज.** जिला जालंधर (देहाती) के सीआईए स्टाफ-2 ने 26 किलोग्राम डोडे चूरा-पोस्त व एक ट्रक समेत दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसएसपी (देहाती) नवीन सिंगला के दिशा-निर्देश अनुसार मनप्रीत सिंह ढिल्लों पुलिस कप्तान, इन्वेस्टीगेशन जालंधर देहाती व रणजीत सिंह बदेशा उप-पुलिस कप्तान, डिटैक्टिव जालंधर देहाती की रहनुमाई के तहत सीआईए स्टाफ-2 जालंधर देहाती के इंचार्ज सब-इंस्पैक्टर पुष्प बाली की टीम द्वारा 2 व्यक्तियों को 26 किलोग्राम डेडे-चूरा पोस्त व एक ट्रक नंबर पीबी06-एम-2677 समेत गिरफ्तार किया गया है। दोनो की पहचान हरजिंदर सिंह उर्फ बब्बा (48 साल) पुत्रो ओम प्रकाश व ट्रक के कलीनर मनी (20 साल) पुत्र सरवन सिंह वासी गांव खालू जिला कपूरथला के तौर पर हुई है।



• बरामद किए डोडे-चूरा पोस्त के साथ सीआईए स्टाफ के मैंबर।

## SPORTS PLANET स्पोर्ट्स प्लेनेट

# सुनील छेत्री ने तोड़ा लियोनेस मेसी का रेकॉर्ड, सर्वाधिक गोल के मामले में अब सिर्फ रोनाल्डो से पीछे

### • छेत्री सर्वाधिक गोल मारने वालों की सूची में सर्वकालिक सूची में 11वें पायदान पर पहुंच गए
### • उनसे आगे 10वें नंबर पर तीन खिलाड़ी हैं • टूर्नामेंट में भारत की पहली जीत

**दोहा.** भारतीय फुटबॉल टीम ने कप्तान सुनील छेत्री के दो गोलों की मदद से यहां 2022 फुटबॉल विश्व कप और 2023 एशियन कप क्वालीफायर्स के ग्रुप-ई के दूसरे राउंड के मुकाबले में बांग्लादेश को 2-0 से हराया। इस जीत के साथ ही छेत्री ने अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर मेसी को भी पछाड़ दिया।

**तोड़ा मेसी का रेकॉर्ड :** सुनील छेत्री ने 79वें मिनट में गोलकर टीम का खाता खोलने के बाद आखिरी क्षणों (90+2 मिनट) में एक और गोलकर ग्रुप ई के इस मैच में टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। इसी के साथ 36 वर्षीय स्ट्राइकर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने गोल की संख्या 74 कर ली है। इंटरनेशनल फुटबॉल में सक्रिय खिलाड़ियों में पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो (103) के बाद अब छेत्री के नाम सबसे ज्यादा गोल हो गए।

**टॉप-10 में आने से एक गोल दूर :** साथ ही छेत्री सर्वाधिक गोल मारने वालों की सूची में सर्वकालिक सूची में 11वें पायदान पर पहुंच गए। उनसे आगे 10वें नंबर पर तीन खिलाड़ी हैं। हंगरी के सेंडर कोक्सिस, जापान कुनिशिगे कामटो और कुवैत के बशर अब्दुल्लाह के 75-75 गोल हैं। सुनील से ठीक पीछे चल रहे यूएई के अली ने बीते हफ्ते मलेशिया के खिलाफ अपना 73 वां गोल दागा जबकि मेसी ने चिली के विरुद्ध 72वां गोल किया था।

**टूर्नामेंट में भारत की पहली जीत :** भारत को इससे पहले तीन जून को एशिया चैंपियन कतर के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उसने इस मैच में बांग्लादेश को शिकस्त देकर जोरदार तरीके से वापसी की। भारत को अब 15 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलना है। बांग्लादेश ने अंतिम मिनट तक बराबरी हासिल करने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सका। उल्लेखनीय है कि भारत 2022 विश्व कप की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है।







लेखिका
**राधा शर्मा**

### मेरी अभिलाषा

काश!!. ..
अगर मैं होता लड़की,
परियों- सा मां मुझे सजाती।
सब की रानी बिटिया बनकर,
बड़े मजे- से हंसती गाती।।

तीज - त्यौहार के हर मौके पर,
सब को मेरी ज़रूरत होती।
चिड़ियों जैसे पंख लगाकर,
नील गगन में उड़ती रहती।

इस सोच में पड़े देखकर
मां ने मुझको समझाया।
सब की सहायता करने को ही
तूने यह नर तन पाया।।

होते बेटा-बेटी दोनों प्यारे
माँ की आँखों के दो तारे
न वो कम है, न तुम ज्यादा
करो पुत्र तुम आज यह वादा
करना सदा एक-दूजे का मान
इसी में है जग का कल्याण।

## कैंसर से जंग हारे पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी उस्मान खान, 76 वर्ष की उम्र में निधन

**नई दिल्ली.** पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी उस्मान खान का लंबे समय से कैंसर से जूझने के बाद निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। उनके परिवार में तीन बेटे और एक बेटी हैं।

हॉकी इंडिया अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोम्बाम ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, 'पूर्व भारतीय खिलाड़ी उस्मान खान के निधन की खबर सुनकर हम काफी दुखी हैं। उन्हें 'लेफ्ट विंगर' के तौर पर शानदार काबिलियत के लिए याद किया जाएगा। वह उन दिनों के बहुत स्टाइलिश खिलाड़ी थे।'

उन्होंने कहा, 'हॉकी इंडिया की ओर से मैं इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।' खान ने लंबे समय तक कैंसर से जूझने के बाद आंध्र प्रदेश के मदनापाले में अंतिम सांस ली।



## फ्रेंच ओपन 2021 : सेमीफाइनल में गैरवरीय तमारा जिदानसेक, ज्वेरेव भी पहली बार अंतिम चार में

**पेरिस.** स्लोवेनिया की गैरवरीय टेनिस खिलाड़ी तमारा जिदानसेक मंगलवार को फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्पेन की पाउला बडोसा को शिकस्त देकर ग्रैंडस्लैम के अंतिम चार में पहुंचने वाली अपने देश की पहली महिला खिलाड़ी बन गई। इस फ्रेंच ओपन से पहले जिदानसेक किसी भी ग्रैंडस्लैम में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ी थी। जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव पहली बार फ्रेंच ओपन तो तीसरी बार किसी भी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची दो खिलाड़ियों के मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 85वें स्थान पर काबिज जिदानसेक ने बडोसा को करीबी मैच में 7-5, 4-6, 8-6 से हराया। फ्रेंच ओपन इकलौता ग्रैंडस्लैम है जहां आखिरी सेट के बाद स्कोर बराबर हाने पर भी टाई ब्रेकर नहीं होता है। जिदानसेक ने पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन बडोसा ने दूसरा सेट जीत कर स्कोर बराबर कर दिया।

तीसरे और निर्णायक सेट में जिदानसेक ने जब 6-5 की बढ़त हासिल की तब बडोसा ने गुस्से में अपने रैकेट को जमीन पर पटक दिया।

उन्होंने वापसी की लेकिन जिदानसेक ने तीन ब्रेक अंक बचाकर 7-6 से बढ़त कायम कर ली। अगले गेम में शानदार फॉरहैंड के दम पर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया। इस 23 साल की खिलाड़ी ने टूर्नामेंट के पहले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त बियांका आंद्रेस्क्यू को हराया था।



## भारतीय हॉकी टीम के सीनियर खिलाड़ी और गोलकीपर श्रीजेश एफआईएच एथलीट समिति के सदस्य बनाए गए



**लुसाने.** भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड की गुरुवार को वर्चुअल बैठक के दौरान शीर्ष संस्था की एथलीट समिति का सदस्य नियुक्त किया गया।

पूर्व में भारतीय टीम की अगुवाई कर चुके श्रीजेश उन चार नए सदस्यों में शामिल हैं जिन्हें कार्यकारी बोर्ड की बैठक में नियुक्त किया गया। इसके दो दिन बाद 47वीं एफआईएच कांग्रेस भी ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। एफआईएच ने विज्ञप्ति में कहा, 'कार्यकारी बोर्ड एथलीट समिति में चार नये सदस्यों की नियुक्ति की पुष्टि करता है। श्रीजेश परातु (भारत), मरलेना रायबाचा (पोलैंड), मोहम्मद मिया (दक्षिण अफ्रीका) और मैट स्वान (ऑस्ट्रेलिया) अब समिति से जुड़ रहे हैं।'

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.